फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री तुषार सालवी निवासी टांटोल तहसील खमनोर जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 37/2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 06.06.2025

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये पत्र क्रमांक : एफ.1( )सू0अ0,05/129/2025/408 दिनांक 21.05.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी/अपीलान्ट का आवेदन पत्र जरिये ऑनलाईन पोर्टल से दिनांक 17.04.2025 को सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के तहत प्रस्तुत किया गया। आरटीआई आवेदन में ईप्सित सूचना अपीलार्थी द्वारा चाही गई उसका संबंध प्रभारी अधिकारी भूमि अवाप्ति अनुभाग से होने से इस कार्यालय द्वारा प्रार्थी अपीलार्थी का आरटीआई आवेदन कार्यालय के जरिये पत्रांक 329 दिनांक 22.04.2025 से संबंधित कार्यालय सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। प्रभारी अधिकारी भूमि अवाप्ति अनुभाग के पत्रांक 2988 दिनांक 24.04.2025 से अवगत कराया कि प्रार्थी द्वारा ईप्सित सूचना खसरा नं. 5016/4881 व 5017/4881 की मुआवजा रिपोर्ट के संबंध में, उक्त खसरा नं. 3डी के अनुसार अवाप्ताधीन नहीं है। इसके क्रम में प्रार्थी को जरिये ऑनलाईन पोर्टल से क्रमांक 6033888928 दिनांक 30.04.2025 को भूमि अवाप्ति अनुभाग के पत्रांक की प्रति अपलोड कर सूचित किया गया। अतः प्रार्थी के आरटीआई आवेदन के संबंध में प्रार्थी को निश्चित समयावधि सूचित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम ऑनलाईन अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी द्वारा निश्चित समयावधि में प्रार्थी को जरिये ऑनलाईन पोर्टल से क्रमांक 6033888928 दिनांक 30.04.2025 द्वारा भूमि अवाप्ति अनुभाग के पत्रांक की प्रति अपलोड कर सूचित किया गया। अतः वांछित सूचना के संबंध में अपीलार्थी को सूचित कर दिये जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार खमनोर को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)